# एक माह में 117 करोड़ मूल्य की विभिन्न सामग्रियां जब्त

भोपाल (काप्र)।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 15 अप्रैल तक 18 करोड़ 30 लाख 13 हजार 224 रूपये नगद राशि सहित 117 करोड़ 97 लाख 15 हजार 39 रूपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं।**

गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन-2019 में आचरण संहिता के दौरान 85 करोड़ 12 लाख रूपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी थीं। लोकसभा निर्वाचन-2024 की आचरण संहिता अवधि में मात्र एक माह में ही गत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लगभग 32 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्री की जब्ती की जा चुकी हैं। गत 15 अप्रैल, 2024 तक जब्त सामग्री में 18 लाख 63 हजार 145 लीटर मदिरा भी जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 28 करोड़ 38 लाख 11 हजार 595 रूपये है। इसी तरह 20 करोड़ 62 लाख 24 हजार 820 रूपये मूल्य के 15 हजार 467 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 9 करोड़ 95 लाख 56 हजार 602 रूपये मूल्य की 468 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। साथ ही 40 करोड़ 71 लाख 8 हजार 798 रूपये मूल्य की अन्य सामग्री भी जब्त की गई हैं।

### चौथे चरण के लिए कल से भरे जाएंगे नाम निर्देशन-पत्र

अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के तहत मध्यप्रदेश में 4 चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं। चौथे चरण में मध्यप्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों में 18 अप्रैल से नाम निर्देशन-पत्र भरे जायेंगे। उन्होंने बताया कि चौथे चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक- 21 देवास (अजा), क्रमांक-22 उज्जैन (अजा), क्रमांक-23 मंदसौर, क्रमांक-24 रतलाम (अजजा), क्रमांक-25 धार (अजजा), क्रमांक-26 इंदौर, क्रमांक-27 खरगौन (अजजा) एवं क्रमांक-28 खण्डवा में मतदान कराया जायेगा। चौथे चरण के लिए निर्वाचन की अधिसूचना गुरूवार, 18 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशियों द्वारा इसी दिन से नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये जाएंगे। नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार, 25 अप्रैल है। इसके अगले दिन शुक्रवार, 26 अप्रैल को नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार, 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए सोमवार, 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।



### वेबसाइट पर भी देखे जा सकेंगे

लोकसभा निर्वाचन में अभ्यर्थियों द्वारा भरे जाने वाले नाम निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र फार्म 26 का आयोग के निर्देशानुसार चिन्हित स्थानों एवं वेबसाइट में प्रदर्शन किया जाएगा। शपथ पत्र को राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाईट लिंक में जाकर देखा जा सकता है।

### आपराधिक प्रकरण का विज्ञापन जारी करना होगा

लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। प्रथम प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर द्वितीय प्रकाशन नाम वापसी के बाद के पांचवें दिन से आठवें दिन के मध्य और तृतीय प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से प्रचार समाप्ति के पूर्व मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व तक किया जाना है।

# अठारह चिकित्सा महाविद्यालयों में डीन नियुक्त

## डॉ. कविता को मिला जीएमसी भोपाल का प्रभार

भोपाल (काप्र)।

**चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंगलवार को राज्य के 18 सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में नए डीन की पदस्थापना कर दी है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के उप सचिव मयंक अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के मुताबिक डॉ. कविता एन. सिंह को गांधी मेडिकल कॉलेज का डीन बनाया गया है।**

वे शीघ्र ही डीन पद का पदभार ग्रहण करेंगी। इंदौर के एमजीएम मेडिकल कालेज का जिम्मा डॉ. संजय दीक्षित को सौंपा गया है। वहीं डॉ. गीता गुइन ग्वालियर स्थित गजराराजा मेडिकल कालेज की नई डीन होंगी। प्रदेश में पहली बार परीक्षा लेकर स्थाई अधिष्ठाता (डीन) की नियुक्ति की गई है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 18 मेडिकल कालेजों के लिए डीन की सोमवार को चयन सूची जारी की थी। साथ ही 24 नामों की प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई थी। यहां 18 सीटों में तीन अनुसूचित जनजाति और तीन अनुसूचित जाति व 12 अनारक्षित थीं। भोपाल के गांधी मेडिकल कालेज से डीन पद के लिए सात चिकित्सकों ने आवेदन किया था। इनमें डॉ. सुमित टंडन, डॉ. अरुण भटनागर, डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. आरपी कौशल, डॉ. दीपक मरावी, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. अरुण निगम शामिल थे। इसमें से सिर्फ डॉ. दीपक मरावी का ही चयन हुआ है। उन्हें चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया का नया डीन बनाया गया है। हालांकि वह हमीदिया अस्ताल में दो बार अधीक्षक रहे लेकिन विवादों में रहने के कारण उन्हें हटाया गया था। वहीं डॉ. सुनीत टंडन, डॉ. आरपी कौशल और डॉ.वंदना शर्मा को प्रतीक्षा सूची में रखा गया।

### इनका हुआ चयन

**अनारक्षित श्रेणी :** डॉ. संजय दीक्षित, डॉ. प्रमेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. देवेन्द्र कुमार शाक्य, डॉ. कविता एन सिंह, डॉ. अनीता मूथा, डॉ. परवेज अहमद सिद्दिकी, डॉ. गीता गुईन, डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. शशि गांधी, डॉ. मनीष निगम, डॉ. सुनील अग्रवाल और डॉ. अक्षय कुमार निगम।

**अनुसूचित जाति श्रेणी:** डॉ. गिरीश भागेश्वर रामटेके, डॉ. अरविंद घनघोरिया, डॉ. राजधर दत्त।

**अनुसूचित जनजाति श्रेणी:** डॉ. संजय कुमार दादू, डॉ. राजेश गौर और डॉ. दीपक सिंह मरावी।

# बसपा सुप्रीमो मायावती प्रदेश में करेंगी प्रचार

## 19 अप्रैल को रीवा और 28 अप्रैल को मुरैना में जनसभा

भोपाल (काप्र)।

**लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की 29 में से 26 सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अब चुनाव प्रचार में ताकत लगा रही है। पार्टी का सबसे अधिक फोकस उत्तर प्रदेश की सीमा से लगी लोकसभा सीटों पर हैं। पार्टी प्रमुख मायावती की इस चुनाव में पहली सभा 19 अप्रैल को रीवा में होने जा रही है।**

यहां से वह रीवा और सतना दोनों सीटों को साधेंगी। यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके बाद तीसरे चरण में शामिल मुरैना लोकसभा सीट में वह 28 अप्रैल का जनसभा करेंगी। यहां सात मई को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव में रीवा से तीन बार और सतना से एक बार बसपा जीत चुकी है, इसलिए पार्टी को यहां से अधिक उम्मीद रहती है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में मायावती ने प्रदेश में नौ जिलों में 10 जनसभाएं की थीं। हालांकि, पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई थी।

विधानसभा चुनाव परिणामों की रोशनी में देखें तो रीवा लोकसभा सीट के अंतर्गत आठ विधानसभा सीटों में बसपा दूसरे या तीसरे स्थान पर रही है। पार्टी को आठ हजार से लेकर 44 हजार तक मत मिले थे। सभी विधानसभा सीटों की बात करें तो पार्टी को दो लाख दो हजार 50 मत मिले थे, जो कुल डाले गए मतों का 16.34 प्रतिशत है। विंध्य अंचल में जातिगत समीकरणों की बड़ी भूमिका रहती है। इस कारण भी पार्टी को यहां से ज्यादा उम्मीद रहती है। रीवा में मायावती की सभा से सतना सीट को साधने की भी कोशिश है। यहां अलग-अलग दल से चार बार के विधायक नारायण त्रिपाठी पहली बार बसपा से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा से गणेश सिंह और कांग्रेस से सिद्धार्थ कुशवाहा मैदान में हैं। जातिगत समीकरणों के चलते नारायण त्रिपाठी के आने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। विंध्य की तरह ग्वालियर-चंबल अंचल में भी बसपा अच्छी स्थित रही है। विधानसभा चुनावों में बसपा के उम्मीदवार जीते भी हैं। मुरैना लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली आठ विधानसभा सीट में भी पार्टी कहीं दूसरे तो कहीं दूसरे तो कहीं तीसरे स्थान पर रही। उसके प्रत्याशियों को अधिकतम 56 हजार तक मत मिले थे। सभी सीटों के मत जोड़ें तो बसपा को तीन लाख दो हजार 113 मत मिले थे जो कुल डाले गए मतों को 20.87 प्रतिशत है।

# पहले बेइमानों पर कार्रवाई नहीं होती थी : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सिंधिया ने दाखिल किया नामांकन



भोपाल (काप्र)।

**पहले बेईमानों पर कार्रवाई नहीं होती थी। ईडी, सीबीआई कार्रवाई करती थी तो स्कूल के बेग में ही उनकी काली कमाई बन जाती थी, लेकिन अब बेईमानों की काली कमाई से हजारों करोड़ों आए हैं। अब चारों दिशाएं शुभ समाचार ला रही हैं, हर तरफ मोदी, मोदी, मोदी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोकतंत्र को गौरवान्वित किया है।**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले के पोलो ग्राउंड में आयोजित जनसभा में कही। लोकसभा का यह चुनाव देश से भ्रष्टाचार, आतंकवाद, तुष्टीकरण की नीति को समाप्त करने के साथ-साथ परिवारवादी लोगों को समाप्त करने के लिए है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कही। कांग्रेस के लोग भगवान श्रीराम का विरोध हमेशा से करते रहे। कांग्रेस ने रामलला प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण तक ठुकरा दिया। कांग्रेस के लोग प्रधानमंत्री श्री मोदी का विरोध करते-करते अब भगवान राम का भी विरोध करने लगे हैं। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। प्रधानमंत्री ने गरीबों की चिंता की है। प्रधानमंत्री ने आज ऐसी कई योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। यह बात शिवपुरी-गुना संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कही। सभी नेतागण शिवपुरी में भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की नामांकन रैली के दौरान स्थानीय पोलो ग्राउंड पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले विशाल रोड शो संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विष्णुदत्त शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शिवपुरी कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर गुना लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया का नामांकन-पत्र दाखिल कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह किरार उपस्थित रहे।

डॉ. यादव, विष्णुदत्त शर्मा, शिवराजसिंह चौहान एवं श्री सिंधिया नामांकन-पत्र दाखिल करने के पश्चात् रोड-शो में शामिल हुए। रोड-शो शिवपुरी जिले के झांसी चौराहा से प्रारंभ होकर गुरूद्वारा, माधव चौक, कोर्ट रोड, अस्पताल चौराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुआ। रोड शो के दौरान स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया एवं 'अबकी बार-400 पार', 'फिर एक बार मोदी सरकार' के नारे लगाये। सभी नेतागणों ने जनता का अभिवादन कर जीत का आशीर्वाद लिया। डॉ. यादव, श्री शर्मा, श्री चौहान ने गुना में गत दिनों सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए पार्टी के जिला मंत्री स्व. आनंद रघुवंशी के निवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त कीं एवं शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री तुलसीराम सिलावट भी उपस्थित रहे।

जनसभा के दौरान मंच पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, संभागीय प्रभारी विजय दुबे, वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश शासन के मंत्री तुलसी सिलावट, एंदल सिंह कंसाना, राकेश शुक्ला, प्रद्युम्न सिंह तोमर, गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मंत्री केशवसिंह भदौरिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, विधायक प्रभुराम चौधरी, देवेन्द्र जैन, महेन्द्र सिंह यादव, पन्नालाल शाक्य, जगन्नाथ सिंह, प्रीतम सिंह लोधी, बृजेन्द्र सिंह यादव, सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व मंत्री राजवर्द्धन सिंह दत्तीगांव, जिलाध्यक्ष राजू बाथम, धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, आलोक तिवारी, लोकसभा संयोजक दुर्गालाल विजय, गुना जिला प्रभारी गोपाल आचार्य, अशोकनगर जिला प्रभारी दीपक भदौरिया सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विपक्ष में महंगाई की मार कहते थे, सरकार में आए तो महंगाई के डंडे मारेः पटवारी



भोपाल (काप्र)।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मुरैना में आयोजित कांग्रेस प्रत्याशी नीटू सिकरवार की नामांकन रैली को संबोधित करते हुये कहा कि मुरैना में बिल्कुल भी रबर स्टैंप को इस बार मत चुनिएगा, नरेंद्र सिंह तोमर के कृषि मंत्री रहते 700 से ज्यादा किसानों की मौत आंदोलन करते हुई। यहां से सांसद रहते हुए यदि एक उद्योग भी उन्होंने लगवाया हो या कृषि मंत्री रहते हुए एक उन्होंने ऐसा काम किया हो जिसे लोग याद करें तो भाजपा को यह बताना चाहिए।

श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा की तो नीति यही है की बहुत हुई महंगाई की मार विपक्ष में रहते कहते थे और जब सरकार में आए तो इन्होंने जनता को महंगाई के खूब डंडे मारे। विपक्ष में बेरोजगारी की बात करते थे सरकार में आए तो अग्निवीर बना दिया। श्री पटवारी ने अपने संबोधन में कहा कि 'ना खाऊँगा ना खाने दूंगा', मोदी जी का यह नारा भी जुमला साबित हुआ इस सरकार ने बड़ी बड़ी कंपनियों से चंदा लेकर उन्हें टेंडर दिए गए। यह सरकार कोरोना जैसी महामारी में भी चंदा लेने से नहीं चूकी।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा राज में जनता महंगाई की मार से कराह रही है, किसानों के साथ अन्याय हो रहा है, एमएसपी नहीं दी जा रही है, महिलाओं के साथ अत्याचार चरम पर है। फिर भी केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार जुमलों की बौछार से बाज नहीं आ रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक पंकज उपाध्याय, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, महापौर शारदा सोलंकी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह सहित नेतागण उपस्थित थे।

# लोनिवि कार्यपालन यंत्री की चुनाव आयोग से शिकायत

भोपाल (काप्र)।

लोकसभा क्षेत्र भिण्ड से कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया द्वारा शिकायत की गई है तथा इसके पूर्व भी विधानसभा चुनाव के दौरान उनके भाण्डेर से प्रत्याशी रहते हुए तथा सेवढ़ा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे घनश्याम सिंह के द्वारा एवं हाईकोर्ट ग्वालियर बैंच द्वारा प्रभारी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मनीष उदैनिया के विरूद्ध टिप्पणी किए जाने के उपरांत भी आज तक उनका स्थानांतरण अन्यत्र नहीं हुआ है।

उनकी पदस्थापना को तीन वर्ष से अधिक की अवधि पूर्ण हो चुकी है। मनीष उदैनिया को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। क्योंकि वे एक वरिष्ठ भाजपा नेता के नजदीकी रिश्तेदार हैं। उदैनिया विधानसभा-2023 के चुनाव के दौरान एवं अब लोकसभा चुनाव 2024 में भी एक भाजपा कार्यकर्ता की तरह कार्य कर रहे हैं। जिससे लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रभावित होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने निर्वाचन आयोग को सौंपी शिकायत में आग्रह किया है कि लोकसभा क्षेत्र भिण्ड के अन्तर्गत दतिया जिले में पदस्थ कार्यपालन यंत्री मनीष उदैनिया जो कि अपने पद का दुरूपयोग करते हुए उनकी एक ही स्थान पर तीन वर्ष से अधिक की अवधि पूर्ण हो चुकी है तथा भाजपा के पक्ष में खुलकर कार्य कर रहे हैं तथा विभाग में भारी अनियमितताएं कर भाजपा प्रत्याशी एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं को लाभ पहुंचा रहे हैं, जिनके विरूद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जावे एवं तत्काल उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित किया जावे जिससे कि लोकसभा क्षेत्र का मतदान स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सके।

# टोल प्लाजा पर खत्म होगा वीआईपी कल्चर

## हटेंगे 22 विशेष श्रेणियों को छूट वाले होर्डिंग

भोपाल (काप्र)।

**नेशनल अथॉरिटी ऑफ इंडिया राष्ट्रीय राजमार्गों पर वीआईपी कल्चर खत्म करने जा रहा है। नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा से पहले और बाद लगे उन विशालकाय होर्डिंग्स को हटाने जा रहा है, जिसमें 22 गणमान्य श्रेणियों को दी जाने वाली रियायत लिखी होती है।**

इससे एक ओर सरकारी धन की बर्बादी हो रही है, वहीं खास लोगों को श्रेष्ठता का बोध होता है। जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में बैठक में इस पर सुझाव दिया। इसे सैद्धांतिक रूप स्वीकार कर लिया है। नई सरकार की प्राथमिकता में यह होगा। इस संबंध में सुझाव देने वाले जयपुर के पृथ्वी सिंह कंधल का कहना है, विशिष्ट संस्कृति की यह प्रथा भारत में ही दिखती है। अमरीका, यूरोप, चीन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी वीआईपी सहित सभी लोग टोल का भुगतान करते है। बाद में यात्रा व्यय के रूप में राशि का दावा करते हैं।

### दिया गया यह तर्क

टोल पर शुल्क में छूट वाले 22 विशिष्ट श्रेणी के लोगों को छूट वाले फास्टैग दिए जा चुके हैं। होर्डिंग की जरूरत नहीं। इस व्यवस्था का दुरुपयोग हो रहा है। कई टोल पर विशिष्ट श्रेणी के वाहनों के साथ काफिला भी छूट का लाभ ले लेता है। कई बार टोल पर विवाद की स्थिति बनती है। इससे यह खत्म होगा।